# कृविको समाचार पत्र

## कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

वर्ष : 2026 | अंक : 1 | जनवरी–मार्च


**इस अंक में.........**


- प्रमुख उपलब्धियां
  - -प्रशासनिक
  - -शिक्षा
  - -अनुसंधान
  - -प्रसार
  - -मानव संसाधन विकास
- महत्वपूर्ण बैठकें
- प्रमुख आयोजन
- आधारभूत संरचना विकास
- सेमीनार / सम्मेलन / कार्यशाला / शीतकालीन / ग्रीष्मकालीन स्कूल और प्रशिक्षण आदि में कार्मिकों की भागीदारी।
- पुरस्कार और सम्मान
- गणमान्य व्यक्तियों का भ्रमण
- प्रकाशन
- आगामी कार्यक्रम



**संरक्षक**
**डॉ. विमला डूंकवाल**
कुलगुरू

**मुख्य संपादक**
**डॉ. मुकेश चन्द गोयल**
निदेशक (पी.एम.एण्ड ई.)

**संपादक**
**डॉ. कमल चन्द मीना**
सह-निदेशक (पी.एम.एण्ड ई.)

**डॉ. लोकेश कुमार मीणा**
सहायक आचार्य (कृषि अर्थशास्त्र)

**डॉ. चमन कुमारी जादौन**
सहायक आचार्य (शस्य विज्ञान)

**डॉ. आँचल शर्मा**
सहायक आचार्य (वन्य जीव प्रबंधन)


## कुलगुरू की कलम से......



वर्ष 2026 की प्रथम तिमाही कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के लिए अत्यंत उत्पादक एवं महत्वपूर्ण रही। इन तीन महीनों के दौरान विश्वविद्यालय में अनेक शैक्षणिक एवं अकादमिक गतिविधियाँ उत्साहपूर्वक आयोजित की गईं। प्रसार एवं क्षमता निर्माण पर विशेष ध्यान दिया गया। सकारात्मक सोच, कृषि उत्पादन तथा वर्तमान स्वास्थ्य चुनौतियों के समाधान में कृषि की भूमिका जैसे विषयों पर प्रख्यात विशेषज्ञों द्वारा दिए गए व्याख्यानों ने विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों के ज्ञान में अभूतपूर्व वृद्धि की।

मुझे यह साझा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि विश्वविद्यालय ने अपनी गतिविधियों एवं प्रभाव क्षेत्र का विस्तार करते हुए हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट, विजयवाड़ा, भा.कृ.अनु.प. भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान (IIWBR), करनाल तथा भा.कृ.अनु.प. भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (IARI), नई दिल्ली जैसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापनों (MoUs) पर हस्ताक्षर किए।

अनुसंधान के क्षेत्र में "प्राकृतिक खेती उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना" हेतु भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) द्वारा परियोजना स्वीकृत होना विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। "मसालों में सतत उत्पादन प्रौद्योगिकी एवं मूल्य संवर्धन" विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय संगोष्ठी ने वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, उद्यमियों एवं कृषकों को विचार–विमर्श तथा राजस्थान के मसाला क्षेत्र में संभावनाओं के विस्तार हेतु एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया।

प्रसार शिक्षा इस तिमाही में विश्वविद्यालय की सबसे सशक्त गतिविधियों में से एक रही। अमरूद महोत्सव तथा राज्य स्तरीय कृषि ज्ञान महोत्सव जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में लोकसभा के माननीय अध्यक्ष श्री ओम बिरला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। किसान जागरूकता उत्सव एवं विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से विश्वविद्यालय ने हजारों कृषकों, कृषक महिलाओं, ग्रामीण युवाओं एवं प्रसार कार्मिकों तक अपनी पहुँच सुनिश्चित की।

मानव संसाधन विकास निदेशालय द्वारा 20–21 फरवरी, 2026 को प्रथम कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया, जिसने विश्वविद्यालय के कर्मचारियों में टीम भावना, खेल भावना एवं स्वस्थ कार्य संस्कृति को प्रोत्साहित किया। इसी प्रकार, उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, झालावाड़ में आयोजित छठे अंतर–महाविद्यालय खेलकूद एवं सांस्कृतिक समारोह ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा नेतृत्व क्षमता विकसित करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया।

इस अवधि में अकादमिक परिषद, अध्ययन मंडलों, भवन समिति तथा वरिष्ठ अधिकारी परिषद सहित विभिन्न महत्वपूर्ण वैधानिक बैठकों का आयोजन किया गया, जिनमें शैक्षणिक विस्तार, आधारभूत संरचना विकास, विश्वविद्यालय प्रत्यायन, संकाय विकास एवं संस्थागत सुदृढ़ीकरण से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

यह बताते हुए मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है कि कृषि विश्वविद्यालय, कोटा ने क्षेत्रीय कृषि मेला (पश्चिमी क्षेत्र) प्रदर्शनी में प्रथम स्थान तथा रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी में आयोजित किसान मेला एवं प्रदर्शनी में तृतीय स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। ये उपलब्धियाँ विश्वविद्यालय परिवार की निष्ठा, परिश्रम एवं उत्कृष्टता का प्रमाण हैं।

यह भी संतोष का विषय है कि हमारे संकाय सदस्यों ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों, शीतकालीन विद्यालयों, CAFT कार्यक्रमों, कार्यशालाओं तथा उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता निभाई, जिससे विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं अनुसंधान क्षमताओं में और अधिक वृद्धि हुई। साथ ही, कृषि यंत्रों की खरीद तथा सड़क एवं चारदीवारी निर्माण परियोजनाओं में हुई प्रगति सहित आधारभूत संरचना विकास की गतिविधियाँ विश्वविद्यालय की संस्थागत सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बना रही हैं।

मैं सभी वैज्ञानिकों, शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं हितधारकों के प्रति अपनी हार्दिक सराहना व्यक्त करती हूँ, जिनकी प्रतिबद्धता एवं समर्पण ने इन उल्लेखनीय उपलब्धियों को संभव बनाया है। उनके सामूहिक प्रयास कृषि विश्वविद्यालय, कोटा को कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रसार के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान के रूप में स्थापित करने में निरंतर योगदान दे रहे हैं।

मुझे विश्वास है कि यह समाचार पत्र सभी पाठकों के लिए उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध होगा। मैं इस अंक के सफल प्रकाशन हेतु सम्पूर्ण संपादकीय टीम के समर्पित प्रयासों की सराहना करती हूँ।

शुभकामनाओं सहित।

(विमला डूंकवाल)

# AUK Newsletter

**Agriculture University, Kota**

Year : 2026 | Number : 1 | January-March


## In this issue.......


- Salient Accomplishments
  - -Administration
  - -Education
  - -Research
  - -Extension
  - -HRD
- Important Meetings
- Major Events
- Infrastructure Development
- Participation of Staff in Seminar/ Conferences/ Workshops / Winter/ Summer School and Trainings, etc.
- Awards and Recognitions
- Visit of Dignitaries
- Publications
- Upcoming Events



Patron

**Dr. Vimla Dunkwal**
Vice Chancellor

Chief Editor

**Dr. Mukesh Chand Goyal**
Director (PM&E)

Editors

**Dr. Kamal Chand Meena**
Associate Director (PM&E)

**Dr. Lokesh Kumar Meena**
Asstt. Prof. (Agri. Economics)

**Dr. Chaman Kumari Jadon**
Asstt. Prof. (Agronomy)

**Dr. Anchal Sharma**
Asstt. Prof. (Wildlife Management)


## *From the Desk of Vice Chancellor....*



The first quarter of the year 2026 was highly productive and significant for Agriculture University, Kota. The University remained vibrant with several academic and educational activities during these three months. A significant focus was placed on extension and capacity building. Special lectures by eminent experts on positive thinking, agricultural production and the role of agriculture in addressing present health challenges enriched the knowledge of students and faculty members.

I am pleased to share that the institution expanded its influence by signing Memorandam of Understanding with national level institutes including Heartfulness Education Trust, Vijayawada, ICAR–Indian Institute of Wheat and Barley Research (IIWBR), Karnal, and ICAR–Indian Agricultural Research Institute (IARI), New Delhi.

In the field of research, the sanction of the ICAR-funded project on the "Development of Centre of Excellence on Natural Farming" is a matter of great pride for the University. The State-Level Seminar on "Sustainable Production Technologies and Value Addition in Spices" provided an excellent platform for scientists, academicians, entrepreneurs and farmers to exchange ideas and explore opportunities for enhancing the spice sector in Rajasthan.

Extension education remained one of the strongest pillars of the University during this quarter. Both the outreach programmes Amrud Mahotsav and State-Level Krishi Gyan Mahotsav was graced by Sh. Om Birla, Hon'ble Speaker of the Lok Sabha, as the Chief Guest. The University successfully reached thousands of farmers, farm women, rural youth and extension personnel through Farmers Awareness Festival and numerous training programmes.

The Directorate of Human Resource Development successfully organized the First Staff Sports Meet 20-21st February, 2026, fostering teamwork, sportsmanship and a healthy work culture among university employees. The successful organization of the 6th Inter-College Games, Sports and Cultural Events at CHF, Jhalawar further provided students with opportunities to showcase their talents and develop leadership qualities.

Several important statutory meetings, including those of the Academic Council, Boards of Studies, Building Committee and Senior Officers Council were held during this period, resulted in significant decisions related to academic expansion, infrastructure development, university accreditation, faculty growth, and institutional strengthening.

It gives me immense pleasure to share that Agriculture University, Kota achieved notable success by securing the First Position in the Regional Agricultural Fair (Western Zone) and the Third Position in the Kisan Mela and Exhibition at Rani Lakshmi Bai Central Agricultural University, Jhansi. Such achievements reflect the dedication, hard work, and excellence of our university fraternity.

It's a matter of satisfaction that our faculty members participated in national and international conferences, winter schools, CAFT programmes, workshops, and advanced training programmes has further enhanced the academic and research capabilities of the University. Infrastructure development activities, including procurement of farm machinery and progress in road and fencing projects, continue to strengthen our institutional facilities.

I sincerely appreciate the efforts of all scientists, teachers, officers, employees, students, and stakeholders whose commitment and dedication have contributed to these remarkable achievements. Their collective efforts continue to elevate the reputation of Agriculture University, Kota as a leading institution in agricultural education, research, and extension.

I believe this newsletter will be informative for everyone. I appreciate the whole editorial team for their best efforts in bringing out this issue of Newsletter.

With best wishes.

**(Vimla Dunkwal)**

## प्रमुख उपलब्धियां

### प्रशासनिक

#### समझौता ज्ञापन

**हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट, विजयवाडा (आन्ध्र प्रदेश) के साथ समझौता ज्ञापन**

कृषि विश्वविद्यालय, कोटा और हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट, विजयवाडा के बीच विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों और कर्मचारियों के लिए कार्यस्थल पर वेलनेस तथा विद्यार्थियों के लिए जीवन–कौशल पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु एक साझेदारी समझौता पर हस्ताक्षर किये गये।

**भा.कृ.अनु.प.–भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल के साथ समझौता ज्ञापन**

कृषि विश्वविद्यालय, कोटा और भा.कृ.अनु.प.–भारतीय गेहूँ और जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल के बीच बीज उत्पादन तथा किस्मों और तकनीकों के विकास में सहयोग के लिए पाँच वर्षो की अवधि हेतु एक रणनीतिक साझेदारी समझौता पर हस्ताक्षर किये गये।

**भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा नई दिल्ली के साथ समझौता ज्ञापन**

कृषि विश्वविद्यालय, कोटा और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा नई दिल्ली के बीच शिक्षा, अनुसंधान और प्रसार के क्षेत्र में सहयोग के लिए पाँच वर्षो की अवधि हेतु एक रणनीतिक साझेदारी समझौता हस्ताक्षर किये गये।

### शिक्षा

#### विशेष व्याख्यान

**सकारात्मक सोच से तनाव मुक्त जीवन**

उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, झालावाड़ में सकारात्मक सोच से तनाव मुक्त जीवन यापन विषय पर व्याख्यान का आयोजन 05 जनवरी, 2026 को किया गया। डॉ. हिमांशु गोयल, प्रबंध निदेशक, माधव इंश्योरेन्स ब्रोकर्स प्राइवेट लिमिटेड ने आध्यात्मिक ज्ञान तथा सकारात्मक सोच के साथ जटिल भावनात्मक चुनौतियों को सरल बनाने के विभिन्न उपाय बताये। कार्यक्रम से महाविद्यालय के 150 से अधिक विद्यार्थी एवं सभी शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक कर्मचारीगण लाभान्वित हुए।



**भारत में कृषि उत्पादन बढ़ाने की स्थिति एवं अवसर**

कृषि महाविद्यालय, कोटा द्वारा "भारत में कृषि उत्पादन बढ़ाने की स्थिति एवं अवसर" विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन 25 फरवरी 2026 को किया गया। यह व्याख्यान श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के पूर्व कुलपति डॉ. पी. एस. राठौड़ द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम में 56 से अधिक छात्रों और कर्मचारी उपस्थित रहे।

**वर्तमान स्वास्थ्य चुनौतियों में कृषि का योगदान**

कृषि महाविद्यालय, कोटा में "वर्तमान स्वास्थ्य चुनौतियों में कृषि का योगदान" विषय पर विशेष व्याख्यान 27 फरवरी, 2026 को आयोजित किया गया। यह व्याख्यान भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के राष्ट्रीय सलाहकार डॉ. अशोक कुमार वार्शनये द्वारा दिया गया। जिसमें 70 से अधिक छात्रों और स्टाफ उपस्थित रहे।

**स्नातक परिणाम घोषित**

कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय द्वारा अकादमिक सत्र 2024–25 के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर कृषि, उद्यानिकी एवं वानिकी स्नातक (ऑनर्स) के परिणाम घोषित किये गए।

## SALIENT ACCOMPLISHMENTS

### ADMINISTRATION

#### Memorandum of Understanding

**MOU with Heartfulness Education Trust, Vijaywada (A.P.)**

A partnership agreement signed between Agriculture University, Kota and Heartfulness Education Trust, Vijaywada for cooperation in Wellness at Work to the faculty & staff and life-skills course for the students of AUK at its campus.

**MoU with ICAR-IIWBR's Wheat & Barely, Karnal**

A strategic partnership agreement signed between Agriculture University, Kota and ICAR-IIWBR's Wheat & Barely, Karnal for cooperation in seed production and development of variety and technologies for a period of five years.

**MoU with IARI, Pusa, New Delhi**

A strategic partnership agreement signed between Agriculture University, Kota and ICAR-IARI, Pusa, New Delhi for cooperation in education, research. and extension for a period of five years.

### EDUCATION

#### Special Lecture

**Stress-Free Life Through Positive Thinking**

A lecture on 'Living a Stress-Free Life Through Positive Thinking' was organized at the College of Horticulture and Forestry, Jhalawar on 05th January 2026. Dr. Himanshu Goyal, Managing Director, Madhav Insurance Brokers Private Limited explained various ways to simplify complex emotional challenges through spiritual knowledge and positive thinking. More than 150 students and all teaching and non-teaching staff of the college were benefited by the programme.

**Status and opportunities for increasing agricultural production in India**

The College of Agriculture, Ummedganj, Kota organized a special lecture on 'Status and Opportunities for Increasing Agricultural Production in India' on 25th February 2026. The keynote speaker was Dr. P.S. Rathore, Former Vice-Chancellor, SKNAU, Jobner. In this programme more than 56 students and staffs were present.



**Role of Agriculture in Present Health Challenges**

The College of Agriculture, Kota organized a special lecture on Role of Agriculture in Present Health Challenges delivered by Dr. Ashok Kumar Varshanye, National Advisor to the Ministry of AYUSH, Government of India on 27th February, 2026 in which more than 70 student and staffs were present.

**UG Result Declared**

The results of B.Sc. (Hons.) Agriculture, Horticulture and Forestry, II semester of First, Second and Third Year of Academic Session 2024-25 have been declared by the Office of the COE, Agriculture University, Kota.

कृविको समाचार पत्र
कृषि विश्वविद्यालय, कोटा
AUK Newsletter
Agriculture University, Kota
जनवरी–मार्च, 2026
January - March, 2026

## अनुसंधान

### नई परियोजना

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने कृषि अनुसंधान केन्द्र, कोटा हेतु (रुपये 64.00 लाख) एक नई परियोजना, "प्राकृतिक खेती पर उत्कृष्टता केन्द्र का विकास" को मंजूरी दी।

### राज्य स्तरीय सेमीनार

कृषि महाविद्यालय, कोटा ने 27–28 फरवरी, 2026 को ATMQIC भवन, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा में "मसालों में सतत उत्पादन तकनीकें और मूल्य संवर्धन" विषय पर एक राज्य–स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया। यह सेमिनार CSS-MIDH योजना के तहत सुपारी और मसाला विकास निदेशालय, कालीकट (केरल) द्वारा प्रायोजित रहा। सेमिनार में राजस्थान में मसाला फसलों के उत्पादन की संभावनाओं, उत्पादकता बढ़ाने की रणनीतियों, मौजूदा चुनौतियों से निपटने और मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने पर विस्तृत चर्चा हुई। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता डॉ. विमला डूंकवाल, कुलगुरु, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा ने की। श्री अनिल सिंघल, अतिरिक्त जिला कलेक्टर, कोटा मुख्य अतिथि तथा श्री अशोक कुमार शर्मा, अतिरिक्त निदेशक (कृषि) विशिष्ट अतिथि रहे। म.प्र.प्रौ.कृ.वि.वि., उदयपुर के कुलगुरु डॉ. प्रताप सिंह एवं कोटा की अतिरिक्त संभागीय आयुक्त श्रीमती ममता तिवारी समापन कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस सेमिनार में राज्य से लगभग 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया।



## प्रसार

### राज्य स्तरीय कृषि ज्ञान महोत्सव

प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा अनुसूचित जाति उप योजनान्तर्गत भा.कृ.अनु.प.–भारतीय तिलहन अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद द्वारा प्रायोजित राज्य स्तरीय कृषि ज्ञान महोत्सव का आयोजन 24 फरवरी 2026 को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमान् ओम बिरला, माननीय लोकसभा अध्यक्ष रहे, उन्होंने अपने संबोधन में कृषि में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को परिवर्तन का प्रमुख आधार बताया एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता, प्रिसिजन फार्मिंग एवं फसल विविधीकरण जैसी आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने किसानों को उत्पादन के साथ–साथ प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन एवं विपणन से जोड़कर उन्हें कृषि उद्यमी बनाने की आवश्यकता भी बताई। कार्यक्रम में 2000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा 45 प्रदर्शनी स्टॉलों के माध्यम से नवीन कृषि तकनीकों का प्रदर्शन एवं तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। डॉ. विमला डूंकवाल, कुलगुरु, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।



### कृषक जागरूकता महोत्सव

अनुसंधान निदेशालय, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र, सवाई–माधोपुर पर कृषक जागरूकता महोत्सव का आयोजन 25 फरवरी, 2026 को किया गया। इस महोत्सव में 204 कृषकगणों ने भाग लिया।

## RESEARCH

### New project

ICAR has sanctioned a new project, "Development of a Centre of Excellence on Natural Farming" (Rs 64.00 lakh) at Agricultural Research Station, Kota.

### State Level Seminar

College of Agriculture, Kota organised a State-Level Seminar on 'Sustainable Production Technologies and Value Addition in Spices' during 27-28th February, 2026 at the ATMQIC Building, AU, Kota. The seminar was sponsored by the Directorate of Arecanut and Spices Development, Calicut (Kerala) under the CSS-MIDH scheme. The seminar featured detailed discussions on the potential of spice crop production in Rajasthan, strategies for enhancing productivity, addressing existing challenges, and promoting value addition. The inaugural session was chaired by Dr. Vimla Dunkwal, Vice-Chancellor, AU, Kota. Shri Anil Singhal, ADM, Kota was the Chief Guest and Shri Ashok Kumar Sharma, Additional Director (Agriculture), Kota was the Guest of Honour. Dr. Pratap Singh, Vice-Chancellor, MPUAT, Udaipur and Smt. Mamta Tiwari, Additional Divisional Commissioner, Kota were present during the valedictory session in the seminar. Around 80 participants from across the state attended the seminar.



## EXTENSION

### State-Level Krishi Gyan Mahotsav

The Directorate of Extension Education organized a State-Level Krishi Gyan Mahotsav on 24th February, 2026 under the SCSP scheme sponsored by ICAR–Indian Institute of Oilseeds Research, Hydrabad. Sh. Om Birla, Hon'ble Speaker of the Lok Sabha was Chief Guest. He emphasized the crucial role of women in transforming agriculture and highlighted the importance of advanced technologies such as artificial intelligence, precision farming and crop diversification to enhance farmers' income. He also stressed promoting agri-entrepreneurship through support in processing, value addition, and marketing. More than 2,000 participants attended the programme and 45 exhibition stalls showcased innovative agricultural technologies along with technical sessions. The programme was presided over by Dr. Vimla Dunkwal, the Vice-Chancellor, Agriculture University, Kota.

### Farmer Awareness Festival

Directorate of Research, AU, Kota organised a Farmers Awareness Festival on 25th February, 2026 at Krishi Vigyan Kendra, Sawai Madhopur. A total of 204 farmers participated in the festival.



## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी 2026 को मनाया गया। डॉ. प्रताप सिंह, कुलगुरु, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर मुख्य अतिथि रहे। वैज्ञानिकों ने आधुनिक कृषि तकनीकों और नवीन खेती के तरीकों के प्रदर्शनों के माध्यम से कृषि में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के महत्व पर प्रकाश डाला।




## प्रदर्शनी

- कृषि विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा सवाई माधोपुर में "अमरूद महोत्सव" के दौरान विश्वविद्यालय प्रदर्शनी का आयोजन 18–19 जनवरी 2026 को किया गया। श्री ओम बिरला, माननीय लोकसभा अध्यक्ष, श्री किरोड़ी लाल मीणा, माननीय कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री, राजस्थान तथा डॉ. विमला डूंकवाल, कुलगुरु, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा तथा हजारों कृषकों, अधिकारियों, वैज्ञानिकों आदि ने विश्वविद्यालय के नवाचारों को जाना।
- कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा द्वारा 16 फरवरी, 2026 को रानी लक्ष्मीबाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी में प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें नवीन तकनीकों और मूल्य–वर्धित उत्पादों की उत्कृष्ट प्रस्तुति और प्रदर्शन हेतु तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



- कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा द्वारा 7 मार्च 2026 को भा.कृ.अनु.प.–राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र, अजमेर में कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया जहाँ किसानों और आगंतुकों के समक्ष विभिन्न कृषि तकनीकों, प्रसंस्कृत उत्पादों और प्रसार गतिविधियों को प्रदर्शित किया।

## क्षमता विकास

- प्रसार शिक्षा निदेशालय ने 90 अधिकारियों के लिए तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम (प्रत्येक 03–दिवसीय) और 1,050 किसानों, कृषक महिलाओं, ग्रामीण युवाओं तथा प्रसार कार्यकर्ताओं के लिए 21 प्रशिक्षण कार्यक्रम सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों पर माह जनवरी–फरवरी, 2026 के दौरान आयोजित किए, जिनको राजस्थान सरकार के जलग्रहण विकास एवं मृदा संरक्षण विभाग द्वारा प्रायोजित किया गया।




## National Science Day

Krishi Vigyan Kendra, Kota celebrated National Science Day on 28th February, 2026. Dr. Pratap Singh, Vice-Chancellor, MPUAT, Udaipur was the Chief Guest. Experts and scientists highlighted the importance of science and technology in agriculture through demonstrations of modern agricultural technologies and innovative farming practices.

## Exhibition

- Agriculture University, Kota arranged University Exhibition in the "Amrud Mahotsav" held during 18–19th January, 2026 at Sawai Madhopur. Shri Om Birla, Hon'ble Speaker of the Lok Sabha; Shri Kirodi Lal Meena, Hon'ble Minister of Agriculture, Rajasthan and Dr. Vimla Dunkwal, Vice-Chancellor, Agriculture University, Kota and thousands of farmer's, officers, scientists etc were exposed with university innovations.



- Krishi Vigyan Kendra, Kota arranged agricultural exhibition at Rani Lakshmi Bai Central Agricultural University, Jhanshi on 16th February, 2026. This exhibition awarded for its excellent presentation and display of innovative technologies and value-added products.
- Krishi Vigyan Kendra, Kota arranged the agricultural exhibition at NRCSS, Ajmer on 7th March, 2026, showcasing various agricultural technologies, processed products, and extension activities to farmers and visitors.



## Capacity Development

- Directorate of Extension Education organized three training programmes for 90 officers and 21 training programmes for 1,050 farmers, farm women, rural youth, and extension functionaries at various KVKs during January–February 2026. These programmes were financed by the Department of Watershed Development and Soil Conservation, Government of Rajasthan.

- अनुसंधान निदेशालय, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–भारतीय तिलहन अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद द्वारा प्रायोजित विभिन्न इकाइयों पर 9 प्रशिक्षणों एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन फरवरी से मार्च, 2026 में किया। इन कार्यक्रमों में 315 प्रतिभागियों ने भाग लिया।




- कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के प्रसार शिक्षा निदेशालय ने अनुसूचित जाति उप–योजना के तहत तिलहन फसल उगाने वाले किसानों के लिए "तिलहन फसलों की वैज्ञानिक उत्पादन तकनीक" विषय पर चार (02–दिवसीय) प्रशिक्षण और दो जागरूकता कार्यक्रमों का कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़, कोटा और बूंदी में जनवरी से मार्च 2026 के दौरान आयोजित किए।
- कृषि विज्ञान केन्द्र, बूंदी ने 21 दिवसीय "बकरी पालन" प्रशिक्षण कार्यक्रम 16–22 जनवरी, 2026 के दौरान आयोजित किया, जिसमें 21 ग्रामीण युवाओं ने भाग लिया और बकरी पालन के तरीकों के बारे में सीखा।
- कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा ने 42 बीज एवं खुदरा उर्वरक डीलरों हेतु 15–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 15–31 जनवरी, 2026 के दौरान आयोजित किया, जिसमें उन्होंने मिट्टी परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के उपयोग, NPK के संतुलित प्रयोग तथा जैव–उर्वरकों के उपयोग के बारे में सीखा।
- कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा ने 50 ग्रामीण युवाओं के लिए "धनिया, लहसुन, प्याज और सोयाबीन के मूल्य संवर्धन और प्रसंस्करण में कृषि–उद्यमिता विकास" पर दो पन्द्रह दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों का क्रमशः 05–20 जनवरी और 03–20 फरवरी, 2026 के दौरान आयोजन किया।




- विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित "लघु किसानों के लिए सतत कृषि में नवाचार" पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला–सह–प्रशिक्षण कार्यक्रम का कृषि विज्ञान केन्द्र, अंता पर 20–21 जनवरी, 2026 को आयोजित किया गया। इसमें कुल 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया और 39 शोध पत्र प्रस्तुत किए।
- कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन के सहयोग से 23–24 जनवरी, 2026 को राज्य स्तरीय धनिया उत्पादन एवं प्रसंस्करण कार्यशाला तथा 28–29 जनवरी, 2026 को जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में कुल 200 कृषकों ने भाग लिया।
- उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, झालावाड द्वारा जनजातीय उप–योजना के तहत "बागवानी फसलों में नर्सरी प्रबंधन" विषय पर 50 किसानों के लिए दो 02 दिवसीय प्रशिक्षणों का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, प्रतापगढ़ में क्रमशः 03–04 और 11–12 फरवरी, 2026 को किया गया।

- The Directorate of Research, Agriculture University, Kota organized 9 trainings and awareness programmes at various units during the month of February–March, 2026 sponsored by ICAR–Indian Institute of Oilseeds Research, Hyderabad. A total of 315 participants attended these programmes.
- The Directorate of Extension Education, Agriculture University, Kota organized four training (02 days) and two awareness programmes on "Scientific Production Technology of Oilseed Crops" at KVK, Jhalawar, Kota and Bundi under SCSP scheme for oilseed crop-growers during January to March, 2026.



- KVK, Bundi organised 21 days training programme on "Goat Farming" during 16-22nd January, 2026, in which 21 rural youth participated and learned about hands-on practices on goat rearing.



- KVK, Kota organised 15 days training for 42 Seed & Fertilizer Dealers during 15-31st January, 2026. They learned about soil test–based fertilizer use, balanced application of NPK and the use of bio-fertilizers.
- Krishi Vigyan Kendra, Kota organized two 15 days skill development training programmes for 50 rural youth on "Agri-preneurship Development in Value Addition and Processing of Coriander, Garlic, Onion and Soybean" during 05-20th January and 03-20th February, 2026, respectively.
- National Workshop cum Training Programme organised on "Innovation in Sustainable Agriculture for Small Farmers" sponsored by Department of Science and Technology, New Delhi at KVK, Anta during 20-21st January, 2026. Total 300 participants participated and 39 papers were presented.
- The Krishi Vigyan Kendra, Kota organized a state-level workshop on coriander production and processing in collaboration with NHM on 23–24th January, 2026 and district-level workshop on 28–29th January, 2026. A total of 200 farmers participated in these programmes.
- College of Horticulture and Forestry, Jhalawar organized two farmers trainings on "Nursery Management in Horticultural crops" for 50 farmers under TSP Scheme at KVK Pratapgarh during 03-04th and 11-12th February, 2026, respectively

- कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा द्वारा 60 कृषि सखियों के लिए "प्राकृतिक खेती" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम 17–21 फरवरी, 2026 के दौरान आयोजित किया गया।
- उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, झालावाड़ द्वारा अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत "बागवानी फसलों में नर्सरी प्रबंधन" विषय पर दो कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रमों क्रमशः 11 एवं 13 मार्च, 2026 को आयोजित कर 50–50 किसानों को लाभान्वित किया गया।
- कृषि विज्ञान केन्द्र, बूंदी ने जनजातिय उप–योजना के तहत 07–दिवसीय "एकीकृत कृषि प्रणाली" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम 07–15 मार्च, 2026 के दौरान आयोजित किया, जिसमें 61 किसानों और महिला किसानों ने भाग लिया।

### जीवंत प्रसारण

कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा एवं झालावाड़ द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण 13 मार्च, 2026 को किया गया। इस आयोजन में 632 कृषकों, कृषक महिलाओं एवं स्कूली विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### प्रक्षेत्र दिवस

- कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़ द्वारा आदर्श तिलहन गाँव योजनान्तर्गत मसूर की किस्म कोटा मसूर–4, जनजातीय उप योजनान्तर्गत चने की किस्म जीएनजी–2171, राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन–तिलहन योजनान्तर्गत सरसों की किस्म आरएच–1706 तथा गेंहूँ की जैव सवंर्धित किस्म डीबीडब्ल्यू–303 पर प्रक्षेत्र दिवसों का फरवरी, 2026 में आयोजित किये गये।
- कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा ने राजपुरा गाँव में सरसों की किस्म बीपीएम–11, कोटसुवां गाँव में गेहूँ की डीबीडब्ल्यू–187 किस्म तथा मंडावरी और अरनिया गाँवों में गेहूँ की बायोफोर्टिफाइड किस्म डीबीडब्ल्यू–187 पर प्रक्षेत्र दिवसों का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 155 किसानों ने भाग लिया।
- कृषि विज्ञान केन्द्र, बूंदी ने मसूर की किस्म कोटा मसूर–4और बायो–फोर्टिफाइड गेहूं की किस्म DBW-303 पर "प्रक्षेत्र दिवसों" का फलेदा और संदाड़ी गांव में 25 फरवरी, 2026 को आयोजित किये, जिसमें कुल 80 किसानों ने भाग लिया।




## मानव संसाधन विकास

### प्रथम स्टाफ स्पोर्ट्स मीट

मानव संसाधन विकास निदेशालय द्वारा उद्यानिकी और वानिकी महाविद्यालय, झालावाड़ में कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के कर्मचारियों के लिए पहली स्टाफ स्पोर्ट्स मीट का आयोजन 20–21 फरवरी 2026 को किया गया। इस टूर्नामेंट में कुल 100 कर्मचारियों की चार टीमों ने 10 खेल स्पर्धाओं जैसे– क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, डिस्क थ्रो, ऊंची कूद, लंबी कूद, रस्साकशी, कबड्डी और शतरंज में भाग लिया। विजेता ट्रॉफी उद्यानिकी और वानिकी महाविद्यालय, झालावाड ने जीती। इस कार्यक्रम में वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा के कुलगुरु प्रोफेसर बी. एल. वर्मा ने मुख्य अतिथि और कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की कुलगुरु डॉ. विमला डूंकवाल ने अध्यक्ष के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति से शोभा बढ़ाई।




- Krishi Vigyan Kendra, Kota organized training programme on "Natural Farming" for 60 Krishi Sakhi during 17–21st February, 2026.
- CH&F, Jhalawar organised two farmers' training programmes under SCSP on "Nursery Management in Horticultural Crops" on 11th and 13th March, 2026, respectively and benefitted 50 farmers in each programme
- KVK, Bundi organised 07 days training programme on "Integrated Farming System (IFS)" under the Tribal Sub-Plan during 07-15th March, 2026 for 61 farmers and farm women.

### Live Telecast

KVK, Kota and Jhalawar arranged a Live telecast of PM Samman Nidhi Programme on 13th March, 2026. In these programme 632 farmers, farm women and school students participated.

### Field Day

- Krishi Vigyan Kendra, Jhalawar organized field days on lentil variety Kota Masoor-4 under Oilseed Model Village, chickpea variety GNG-2171 under TSP, mustard variety RH-1706 under NMEO-OS and biofortified wheat variety DBW-303 under NFSNM during February, 2026.




- Krishi Vigyan Kendra, Kota organized field days on mustard variety BPM–11 at Rajpura village, wheat variety DBW-187 at Kotsuwan village and wheat biofortified variety DBW-187 at Mandawari and Arniya villages. In which total 155 farmers were participated.
- Krishi Vigyan Kendra, Bundi organized field days on lentil variety Kota Masoor-4 and bio-fortified wheat variety DBW-303 at Phaleda and Sandadi village on 25th February, 2026, in which total 80 farmers participated.

## HUMAN RECOURSE DEVELOPMENT

### First Staff Sports Meet

Directorate of HRD organized first Staff Sports Meet at College of Horticulture and Forestry, Jhalawar for the staff of Agriculture University, Kota during 20-21st February, 2026. Four teams comprising 100 staff members participated in 10 sports events viz., cricket, volleyball, badminton, table tennis, disc throw, high jump, long jump, tug of war, kabaddi and chess in this tournament. The winning trophy won by College of Horticulture and Forestry, Jhalawar. Prof. B.L. Verma, Vice-Chancellor, Vardhman Mahaveer Open University, Kota as Chief Guest and Dr. Vimla Dunkwal, Vice-Chancellor, Agriculture University, Kota as Chairperson graced the occasion.

## महत्वपूर्ण बैठकें

### भवन समिति की बैठक

कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की भवन समिति की 20वीं बैठक, डॉ. विमला डूंकवाल, कुलगुरु की अध्यक्षता में 08 जनवरी, 2026 को आयोजित की गई। इस बैठक के दौरान कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की विभिन्न इकाइयों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

### उद्यानिकी एवं वानिकी संकाय की अध्ययन मंडल की 11वीं बैठक

उद्यानिकी व वानिकी महाविद्यालय, झालावाड़ में उद्यानिकी एवं वानिकी संकाय की अध्ययन बोर्ड की ग्यारहवीं बैठक 29 जनवरी, 2026 को आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें Biochem-521 (बेसिक बायोकेमिस्ट्री) को दूसरे सेमेस्टर से पहले सेमेस्टर में स्थानांतरित करने की मंजूरी, वन जीव विज्ञान और वृक्ष सुधार विभाग में स्नातकोत्तर कार्यक्रम को पुनः शुरू करना तथा सब्जी विज्ञान और वन उत्पाद एवं उपयोगिता विभाग में प्रत्येक में दो सीटों के साथ विद्यावाचस्पति कार्यक्रमों को शुरू करना शामिल हैं।



### कृषि संकाय की अध्ययन मंडल की 7वीं बैठक

विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के अध्ययन मंडल की सातवीं बैठक 4 फरवरी, 2026 को कृषि महाविद्यालय, कोटा में आयोजित की गई। इस बैठक में राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर के अधिष्ठाता डॉ. मनोज महला और श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के निदेशक शिक्षा, डॉ. राकेश समोरिया ने बाह्य विशेषज्ञों के रूप में भाग लिया। इस बैठक में कृषि महाविद्यालय, कोटा में शैक्षणिक सत्र 2026–27 से नए स्नातकोत्तर/पीएच.डी. कार्यक्रम शुरू करने और डिग्री कार्यक्रमों की प्रवेश क्षमता बढ़ाने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

### अकादमिक परिषद बैठक

अकादमिक परिषद की25वीं बैठक डॉ. विमला डूंकवाल, कुलगुरु, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के सभागार भवन में 24 फरवरी, 2026 को आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित निर्णय लिए एवं अनुमोदित किए गए :–

- शैक्षणिक सत्र 2026–27 से उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, झालावाड में सब्जी विज्ञान तथा वन उत्पाद एवं उपयोगिता में विद्यावाचस्पति और कृषि महाविद्यालय, कोटा में कृषि प्रसार शिक्षा में विद्यावाचस्पति तथा फल विज्ञान में स्नातकोत्तर कार्यक्रम शुरू करना।
- शैक्षणिक सत्र 2026–27 से कृषि महाविद्यालय, कोटा पर स्नातकोत्तर (कृषि) कीट विज्ञान को पुनः प्रारंभ करना।
- कृषि महाविद्यालय, कोटा में स्नातकोत्तर/विद्यावाचस्पति (शस्य विज्ञान, पादप रोग विज्ञान और आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन) में प्रवेश क्षमता बढाना।
- उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, झालावाड़ में रोपण (प्लांटेशन), मसाले, औषधीय एवं सुगंधित फसल विभाग का सृजन।
- विश्वविद्यालय के शिक्षक/अधिकारी/ कर्मचारी को अध्ययन अवकाश प्रदान करने की स्वीकृति।
- कृषि महाविद्यालय, कोटा के आधिकारिक लोगो का अनुमोदन किया गया।

## IMPORTANT MEETINGS

### Building Committee Meeting

The 20th meeting of Building Committee of Agriculture University, Kota was held under the chairmanship of Dr. Vimla Dunkwal, Vice-Chancellor on 08th January, 2026. The important decisions regarding construction and repairing work of various units of AU, Kota were taken during this meeting.

### 11th Meeting of Board of Studies (BoS) Horticulture and Forestry Faculty

Eleventh Board of Studies meeting of the faculty of Horticulture and Forestry was held on 29th January, 2026 at the College of Horticulture and Forestry, Jhalawar. Various important decisions were taken in this meeting such as shifting of Biochem-521 (Basic Biochemistry) from II to I semester; restart of M.Sc. Programme in the Department of Forest Biology and Tree Improvement; initiation of Ph.D. Programmes in Vegetable Science and Forest Products & Utilization with intake of two seats each.

### 7th Meeting of Board of Studies (BoS) Agriculture Faculty

Seventh meeting of Board of Studies (BoS) of the faculty of Agriculture of the University was held at CoA, Kota on 4th February, 2026. Dr. Manoj Mahala, Dean, Rajasthan College of Agriculture, Udaipur and Dr. Rakesh Samorya, Director of Education, SKNAU, Jobner participated as external experts. Important decisions were taken in this meeting regarding to start new PG/Ph.D. programmes and also increase intake capacity of degree programmes from academic session 2026-27 at COA, Kota.



### Academic Council Meeting

The 25th meeting of Academic Council was held under the chairmanship of Dr. Vimla Dunkwal, Vice-Chancellor, Agriculture University, Kota on 24th February, 2026, in the Conference Hall, AU, Kota. The following decisions were taken and approved as: -

- Initiate Ph.D. programmes in Vegetable Science, Forest Products & Utilization at CH&F, Jhalawar and Ph.D. Agricultural Extension Education, M.Sc. (Hort.) Fruit Science from Academic Session 2026-27 at CoA, Kota.
- Restart of M.Sc. (Agri.) Entomology from Academic Session 2026-27 at CoA, Kota.
- Increase intake capacity of PG/Ph.D. Programmes (Agronomy, Plant Pathology and Genetics & Plant Breeding) of CoA, Kota.
- Creation of Department of Plantation, Spices, Medicinal and Aromatic Crops at CH&F, Jhalawar.
- Approval of granting study leave to Teacher/ Officer/ Employee of the University.
- Official Logo of CoA, Kota was approved.

कृविको समाचार पत्र
कृषि विश्वविद्यालय, कोटा
AUK Newsletter
Agriculture University, Kota
जनवरी–मार्च, 2026
January - March, 2026

### वरिष्ठ अधिकारी परिषद की बैठक

विश्वविद्यालय की वरिष्ठ अधिकारी परिषद (एसओसी) की 18वीं बैठक डॉ. विमला डूंकवाल, कुलगुरु, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की अध्यक्षता में 11 मार्च, 2026 को आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय जैसे विश्वविद्यालय का प्रत्यायन (एक्रीडिटेशन), अन्य संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन और कर्मचारियों की सेवाओं का नियमितीकरण इत्यादि लिए गए।



### कृषि विज्ञान केन्द्रों की मासिक बैठक

कृषि विज्ञान केन्द्रों की मासिक बैठकें निदेशक प्रसार शिक्षा, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की अध्यक्षता में क्रमशः 27 फरवरी तथा 19 मार्च 2026 को आयोजित की गई। इन बैठकों में कृषि विज्ञान केन्द्रों की विभिन्न महत्वपूर्ण गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा एवं कार्य योजना पर चर्चा की गई।

## प्रमुख आयोजन

### राष्ट्रीय युवा दिवस

